221. राजस्थान का कौन सा भौतिक प्रदेश ''खाद्यान्न का कटोरा'' भी कहा जाता है।

(a) दक्षिण पूर्वी पठारी प्रदेश
(b) अरावली पर्वत श्रेणी प्रदेश
(c) पूर्वी मैदान प्रदेश
(d) बनास बेसिन

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (c) राजस्थान के पूर्वी मैदान प्रदेश की खाद्यान्न का कटोरा कहा जाता है। पूर्वी मैदान प्रदेश का उपजाऊपन अरावली पर्वतमाला के कारण है क्योंकि यह रेगिसतान के पूर्वी विस्तार को नियंत्रित करती है।

222. निम्न में से भारत का सबसे शुष्क स्थान कौन-सा है?

(a) जयपुर (b) जैसलमेर
(c) कोटा (d) बाड़मेर

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (b) भारत का सबसे शुष्क स्थान जैसलमेर (राजस्थान) है। यह थार के रेगिस्तान में स्थित है। गर्मियों में इसका औसत तापमान 49°C तथा सर्दियों में 5°C तक पहुँच जाता है। जैसलमेर राजस्थान का सबसे बड़ा जिला है। यहीं पर डेजर्ट नेशनल पार्क स्थित है।

223. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिए कूट से कीजिए-

(1) भौराट का पठार कुम्भलगढ़ और राजसमन्द के मध्य स्थित है।
(2) उत्खात स्थलाकृति चम्बल बेसिन में मिलती है।
(3) रघुनाथगढ़ उत्तरी अरावली का सर्वोच्च शिखर है।

कूटः

(a) 1 और 3 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

संगणक भर्ती परीक्षा-2021 (19 दिसम्बर, 2021)

Ans. (c)

- भौराट का पठार कुम्भलगढ़ (राजसमंद) और गोगुन्दा (उदयपुर) के मध्य स्थित है।
- उत्खात स्थलाकृत चम्बल बेसिन में मिलती है। बुन्देलखण्ड के पठार में चम्बल नदी द्वारा निर्मित महाखड्डों को उत्खात भूमि कहा जाता है।
- रघुनाथगढ़ उत्तरी अरावली का सर्वोच्च शिखर है जो राजस्थान के सीकर जिले में स्थित है।

224. जुलाई माह की 999 मिलीबार की समदाब रेखा किन जिलों से गुजरती है?

(a) बाड़मेर -नागौरी-चूरू
(b) जैसलमेर-बीकानेर -गंगानगर
(c) जालौर -पाली-अजमेर
(d) सिरोही-उदयपुर -झालावाड़

सहायक अग्निशमन अधिकारी (एएफओ) -2021

Ans. (c) समदाब रेखा एक मौसम मानचित्र पर खीची जाने वाली रेखा है जो समान दाब के बिन्दुओं को जोड़ती है। यह औसत समुद्र तल की दबाव रिपोर्ट से उत्पन्न होता है तथा दबाव मान मिलीबार में मापा जाता है। जुलाई माह की 999 मिलीबार की समदाब रेखा राजस्थान के जालौर, पाली, अजमेर जिलों से गुजरती है।

225. रेडक्लिफ रेखा का राजस्थान में विस्तार हैः

(a) हिन्दुमलकोट (गंगानगर) से बाखासर (बाड़मेर) तक
(b) कोणागाँव (गंगानगर) से शाहगढ़ (जालौर) तक
(c) हिन्दुमलकोट (गंगानगर) से शाहगढ़ (जालौर) तक
(d) कोणागाँव (गंगानगर) से बाखासर (बाड़मेर) तक

प्रयोगशाला सहायक-2018 (03 फरवरी 2019)

Ans. (a) राजस्थान का स्थिति विस्तार भारत के उत्तरी-पश्चिमी भाग में 23° 3' से 30° 12' उत्तरी अक्षांश से 69° 30' से 78° 17' पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। राज्य की 1070 किलोमीटर अंतर्राष्ट्रीय सीमा जिसे रेडक्लिफ रेखा कहा जाता है, राजस्थान के उत्तरी जिला गंगानगर (हिन्दुमलकोट) से लेकर पश्चिमी जिला बाड़मेर (बाखासर) तक रेडाक्लिफ रेखा का विस्तार है।

226. राजस्थान के निम्न जिलों में से कौन से एक जिले में अरावली पहाड़ी का विस्तार नहीं है?

(a) सीकर (b) झुन्झुनूं
(c) जालौर (d) अलवर

प्रयोगशाला सहायक-2018 (03 फरवरी 2019)

Ans. (c) अरावली पर्वतमाला की कुल लम्बाई 692 किमी तथा औसत ऊचाई 930 मीटर है। अरावली पर्वतमाला विश्व की प्राचीनतम पर्वतमाला है। अरावली का विस्तार 4 राज्य/ केन्द्रशासित प्रदेश गुजरात, राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली में है। इसका 80% (550किमी) विस्तार राजस्थान राज्य में आता है। राजस्थान के 14 जिलों में इस पर्वत का विस्तार है जो निम्नलिखित है।

(1) उदयपुर (2) चित्तौड़गढ (3) राजसमंद (4) डूॅगरपुर
(5) प्रतापगढ़ (6) भीलवाड़ा (7) सीकर (8) झुन्झुनू (9) अजमेर
(10) सिरोही (11) अलवर (12) पाली (13) जयपुर
(14) नागौर

227. राजस्थान के अरावली प्रदेश में राज्य के कुल कितने जिले सम्मिलित किए गए हैं?

(a) 10 जिले (b) 12 जिले
(c) 09 जिले (d) 08 जिले

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (*) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।
नोट- आयोग द्वारा इस प्रश्न का सही उत्तर (b) दिया गया है।

228. राजस्थान के निम्न जिलों में से कौन से एक जिले में अरावली पहाड़ी का विस्तार नहीं है?

(a) सीकर (b) झुंझुनूं
(c) जालौर (d) अलवर

48 LA2018_Question Paper Code-48
कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

229. निम्नलिखित में से कौन से युग्म सही सुमेलित है? नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

जिला		आकार
1. जोधपुर	-	अनियमित बहुभुजाकार
2. सीकर	-	अर्द्धचन्द्रकार
3. जैसलमेर	-	मयूराकार
4. करौली	-	बतखाकार